# जाँच प्रतिवेदन

दिनांक 02.02.2026

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. मुनरेठी पं. क्रं. 663 से, संबंधित एक वायरल विडियों जिसमें धान स्टेक पर एक व्यक्ति के द्वारा पाईप से धान के बोरों पर पानी डालते हुए दिखाई दे रहा है के संबंध में उच्च कार्यलय द्वारा तत्काल जाँच एवं कार्यवाही हेतू निर्देश प्राप्त हुआ है । जिसके उपरांत समिति कायर्लय में उपस्थित हो कर प्रभारी समिति प्रबंधक को स्पष्टीकरण नोटिस प्रदान क़रते हुए तथा समिति कर्मचारियों एवं हमालो से पूछताछ किया गया एवं समिति कार्यलय में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे की फूटेज की जांच की गई।

सी.सी.टी.वी. कैमरे की फूटेज के अनुसार 01.02.2026 को शाम 6.45 से 7.10 बजे तक लगभग 25 मिनट तक चार व्यक्ति धान स्टेक के पास सक्रिय दिखे जिसमें से एक व्यक्ति स्टेक के उपर चढ कर पानी के पाइप से धान के भरें बारदानों पर पानी डालते हुए दिखाई पड रहा है । इन्हे समिति कर्मचारियों द्वारा 1. श्री कुलेश्वर प्रसाद वर्मा , हेमाल मुकरदम 2. श्री मनहरण रात्रे , रात्रिकालीन चौकीदार (हेमाल) 3. श्री योगेश्वर बंजारे , रात्रिकालीन चौकीदार (हेमाल) 4. श्री संजू ढीढी , धान खरीदी दैनिक कर्मचारी के रूप में पहचाना गया ।

उक्त हेमालों से पूछताछ करनें पर उनके द्वारा एक चौकिदार के नशे में होने के कारण जमीन में पानी डालते हुए बोरों पर त्रुटी वश पानी डालनें की जानकारी प्रदान की गई तथा यह भी बताया गया की जैसे ही बाकी तीन हेमालों द्वारा ऐसा करते हुए देखा गया वैसे ही चौकिदार को रोक दिया गया किन्तु हेमालों का यह बयान सी.सी.टी.वी. कैमरे की फूटेज से मेल नही खाता है ।

02.02.26

BM 02/02/2026

AM (F.O) Branch-Chandkhuri 02/02/26

प्रभारी समिति प्रबंधक द्वारा घटना के दिन शाम 5.10 बजे अपने घर जाने की बात कही गई है एवं उक्त कृत्य में अपनी संलिप्तता से इंकार किया है। प्रभारी समिति प्रबंधक का यह बयान सी.सी.टी.वी. कैमरे की फूटेज अनुसार घटना की अवधि में उनके समिति फड मे न होने की पुष्टी करता है।

वायरल विडियो , सी.सी.टी.वी. कैमरे की फूटेज, हेमालों के बयान तथा प्रभारी समिति प्रबंधक के स्पष्टीकरण का परीक्षण करनें पर निम्न तथ्य प्रमाणित होते है : –

1. वायरल विडियो समिति मुनरेठी का ही है। यह घटना दिनांक 01.02. 2026 रात्रि 6.45 से 7.10 बजे के मध्य का है।
2. उक्त कृत्य में 1. श्री कुलेश्वर प्रसाद वर्मा , हेमाल मुकरदम 2. श्री मनहरण रात्रे , रात्रिकालीन चौकीदार (हेमाल) 3. श्री योगेश्वर बंजारे , रात्रिकालीन चौकीदार (हेमाल) 4. श्री संजू ढीढी , धान खरीदी दैनिक कर्मचारी की संलिप्तता स्पष्ट है।
3. प्रभारी समिति प्रबंधक श्री चंद्रप्रकाश खंडेलवाल घटना के वक्त समिति फड में उपस्थित नही थे , किन्तु उक्त घटना उनके द्वारा समिति में संलग्न हेमाल एवं दैनिक कर्मचारी द्वारा किया जाना प्रबंधक के रूप में हेमालों / कर्मचारियों पर नियंत्रण की कमी को दर्शाता है ।

| | | |
|---|---|---|
| (हस्ताक्षर) 02.02.26 | (हस्ताक्षर) 02/02/2026 | (हस्ताक्षर) 02/02/26 |
| सुमीत डडसेना | BM जी.आर.यदु | विजय कुमार साहू |
| सह. वि. अधि. आरंग | शाखा प्रबंधक चंदखुरी | पर्यवेक्षक शाखा चंदखुरी |